तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जनवरी 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



8 डीएपी खाद के नाम पर संदिग्ध खाद से लदी दो ट्रक...





9 भाजपा का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान ....




## खबर संक्षेप

### विस्फोटक समेत संदिग्ध गिरफ्तार

**बीजापुर।** नक्सल विरोधी अभियान के दौरान कुरूष के जंगल से विस्फोटक सहित 1 संदिग्ध को पुलिस की संयुक्त पार्टी ने आज गिरफ्तार किया है। क्षेत्र में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत 3 जनवरी को डीआरजी, बस्तर



फाइटर, केरिपु 85 एवं थाना गंगालूर की संयुक्त टीम, पुसनार, कुरूष की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। 4 जनवरी को अभियान के दौरान कुरूष के जंगल में पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागते 1 संदिग्ध को पकड़ा गया। जिसके पास से 1 थैला में इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कार्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टीक, स्वीच, प्रतिबंधित नक्सल संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री पाम्पलेट एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। पूछताछ पर अपना नाम आयतु परसीक मिलिशिया सदस्य पिता सन्नू परसीक उम्र 33 वर्ष निवासी कुरूष थाना गंगालूर जिला बीजापुर का होना बताया। पकड़े गये संदिग्ध के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया।

### घायल युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत रामपुर निवासी 42 वर्षीय कृष्णा कुमार दर्रो पिता जैन सिंह का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने की वजह से 29 जनवरी 2023 को सुबह साढ़े 6 बजें ईलाज के दौरान धमतरी के निजी अस्पताल में मौत हो गया। वार्ड ब्वॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का दरगहन के पास एक्सीडेंट हो गया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। धमतरी मे शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कामय कर विवेचना में लिया है।

### लेम्पस कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी, बैठक में निर्णय

# उठाव नहीं करेंगे तो 9 जनवरी से धान खरीदी बंद, केंद्रों में भारी स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर संभाग में जिस रफ्तार से धान खरीदी कार्य चल रहा है, उसके विपरीत उठाव कछुए गति से चलने से उपार्जन केंद्र प्रभारी और लेम्पस प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। खरीदी केंद्रों में भारी स्टॉक के कारण धान रखने के लिए जगह नहीं है। ऐसी स्थिति में धान के नुकसान होने का खतरा बना है। जिला सहकारी कर्मचारी संघ के कर्मचारियों की चिंता बढ़ गई है। इसी समस्या को ध्यान में रखते संघ जिलाध्यक्ष उत्तम सेठिया के नेतृत्व में बैठक आहूत की गई,जिसमे सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि धान का उठाव नहीं हुआ तो 9 जनवरी से धान खरीदी में रोक लगाकर हड़ताल ⏭ शेष पेज 8 पर

- लाखों क्विंटल धान का उठाव नहीं होने से खरीदी बंद किये जाने के हालात

### बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे खरीदी केंद्र



जिले के किसान बड़ी संख्या में खरीदी केंद्रों में अपना धान बेचने पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीदी केन्द्रों समय पर धान का उठाव नहीं होने के कारण बस्तर के 79 में से 77 खरीदी केंद्रों धान लिमिट से ज्यादा हो गया है। यही वजह से कुछ केंद्रों में धान खरीदी बंद करने के कगार पर है, इसके चलते एक तरफ जहां किसान परेशान हैं, तो वहीं खरीदी केंद्र-प्रभारी भी चिंतित हैं। जिला सहकारी कर्मचारी संघ से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले के 79 धान खरीदी केन्द्रों में से 77 खरीदी केंन्द्रों में धान बफर लिमिट से दो से तीन गुना अधिक धान उपार्जन कर लिया गया है।

### नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगी समस्या

केंद्र के प्रभारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से जबरदस्त धान की आवक हो रही है, लेकिन उस रफ्तार से उठाव नहीं हो रहा है। एक दो दिनों तक यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में धान खरीदी बंद सकती है। खरीदी केंद्र के प्रभारी पाणीग्राही ने बताया कई बार प्रशासन के बड़े अधिकारियों को पत्र देने के बावजूद भी मिलर्स के द्वारा इन खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं किया जा रहा है। जिला एवं प्राधिकृत अधिकारी को पत्र लिख कर 9 से हड़ताल पर जाने की सूचना दी गई है।

### 1 लाख 20 हजार में मात्र 24 हजार मेट्रिक टन का उठाव

120229 टन धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से पंजीकृत मिलर्स द्वारा 24917 टन धान का उठाव किया गया है। खरीदी केंन्द्रों से धान का उठाव नहीं होने के कारण केंद्र धान रखने के लिए जगह नहीं बची है, ऐसे में धान खरीदी बंद करना मजबूरी बन गयी है। धान खरीदी केंद्र प्रभारियों और जिला सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उत्तम सेठिया बताया कि धान उपार्जन नीति त्रिपक्षीय अनुबन्ध के अनुसार लिमिट से अधिक धान उपार्जन होने की स्थिति में डीओ, टीओ जारी कर 72 घंटे के भीतर धान का उठाव करने का प्रावधान है, जिसका पालन नही किया जा रहा है।

# सात जगहों पर स्थापित जांच नाका में की जा रही कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा है कि जिले के किसानों के हितों को कोई बाहरी व्यक्ति प्रभावित नहीं करें। इस हेतु जिले में अवैध धान परिवहनकर्ताओं और संग्राहकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को जिले के किसानों का धान, उपार्जन केंद्रों में पहुंचने और शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यालय कृषि उपज मंडी जगदलपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार अवैध धान परिवहन के कुल 9 प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई, जिसमें 314 क्विंटल धान और 7 वाहन को जब्त किया गया है। जिले में एक जनवरी तक धान का अवैध परिवहन करते हुए कार्यवाही में 6 लाख 64 हजार 726 रुपए की अनुमानित मूल्य का धान को जब्ती की गई है। इसके साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी अवैध धान परिवहन एवं संग्रहण के विरूद्ध कई प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है। जिसके तहत तहसीलदार जगदलपुर द्वारा दिसम्बर माह में ओडिशा राज्य की सीमा में 340 बोरी और 4 जनवरी 2024 को 683 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। इसके अलावा बकावंड तहसील कार्यालय के द्वारा भी अवैध धान परिवहन सम्बन्धी प्रकरण दर्ज किया गया है। धान उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर सीमावर्ती धान खरीदी केन्द्रों में ⏭ शेष पेज 8 पर

- किसानों के हितों को प्रभावित करने वाले अवैध धान संग्राहकों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें : कलेक्टर

# आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों का हल्लाबोल

### निगम दफ्तर के बाहर सड़क पर बैठ किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



निगम आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस पार्षदों ने शुक्रवार को निगम दफ्तर के समक्ष सड़क पर बैठ विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें महापौर सफीरा साहू, सभापति कविता साहू, पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य व अन्य कांग्रेसी मौजूद थे। आयुक्त पर पार्षदों की बात न सुनने का आरोप लगाया गया है। आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की गई। महापौर ने कहा कि आयुक्त हरेश मंडावी से सारे कांग्रेस पार्षद परेशान हैं। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से अफसरशाही ज्यादा देखने को मिल रही है। आयुक्त हमारी नहीं सुनते हैं शहर के बालाजी वार्ड में गंदगी पसरी हुई है। सफाई कर्मचारियों को बढ़ाने की मांग की जाती है तो इसके लिए आयुक्त मना कर देते हैं। गंदगी की वजह से लोग पार्षदों को आड़े हाथ लेते हैं, लेकिन जब हम इस समस्या का समाधान करने आयुक्त को कहते हैं तो वे हमारी नहीं सुनते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सड़कों के किनारे अस्थाई रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदारों को हटा दिया गया था। लेकिन उन्हें व्यवस्थापन की कोई दूसरी जगह नहीं दी गई वे बेरोजगार हो गए हैं। इनमें ⏭ शेष पेज 8 पर

- महापौर, सभापति, पार्षद गण, पूर्व विधायक, कांग्रेस जिलाध्यक्ष धरने में शामिल

# लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट के नाम पर निगम में भारी भ्रष्टाचार : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भाजपा पार्षद दल ने नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे और नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में लीगेसी वेस्ट मैनेजमेंट डम्पिंग यार्ड में हो रहे अनियमितता पर महापौर सफीरा साहू के खिलाफ हल्ला बोला है। भाजपा पार्षद दल को काफी दिनों से लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट के नाम पर हो रहे काम पर भ्रष्टाचार की सूचना मिल रही थी। जिसको लेकर आज भाजपा के पार्षद एवं कार्यकर्ता गीदम रोड स्थित डम्पिंग यार्ड में कार्य को देखने के बाद प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ज्ञात हो कि गीदम रोड स्थित डम्पिंग यार्ड में नगर निगम के द्वारा पूर्व में शहर का कचरा ⏭ शेष पेज 8 पर






# सीएम का प्रथम बस्तर आगमन आज, सीधे कार्यकर्ताओं से करेंगे बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रथम बस्तर आगमन कल 6 जनवरी को हो रहा है। बस्तर में पिछले चुनाव में सभी कांग्रेस विधायक चुने गए थे, लेकिन 2023 के चुनाव में 12 में से 8 पर भाजपा विधायक चुने गए। प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनी और पहली बार आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को कमान सौंपी गई। मुख्यमंत्री के प्रथम बस्तर प्रवास को लेकर जहां कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है, वहीं गुरूवार को दिनभर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी सीएम के आगमन को लेकर तैयारियों और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहे।

मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर से सीधे दंतेवाड़ा पहुंचेंगे और वहां बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी दर्शन कर पूजा अर्चना करेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक सीएम के साथ छत्तीसगढ़ प्रभारी ओमप्रकाश माथूर, उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव और विजय शर्मा तथा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव आएंगे। दंतेवाड़ा से दोपहर में जगदलपुर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री तथा अन्य सभी नेताओं का भाजपाइयों द्वारा जोशीला स्वागत होगा। माड़यि चौक, शहीद पार्क चौक, संजय बाजार, अनुपमा चौक और धरमपुरा सम्मेलन स्थल तक विभिन्न समाज, संगठन के प्रमुख और भाजपा संगठन के नेताओं के द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद धरमपुरा पीजी कॉलेज मैदान में संभागीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री सीधे कार्यकर्ताओं से बात करेंगे। मुख्यमंत्री का पहली बार आगमन और सीधे कार्यकर्ताओं से मिलने के कार्यक्रम को विधानसभा चुनाव में जीत और आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने का प्रयास बताया जा रहा है। हालांकि जगदलपुर के बाद सीएम का भिलाई-दुर्ग में दोपहर 2 बजे कार्यक्रम होना बताया जा रहा है, इसलिए यह कार्यक्रम संक्षिप्त रहेगा। जहां 7 जिले के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, वहां सबकी यह इच्छा होगी कि अपनी बात सीएम के समक्ष रख सकें, लेकिन यह संभव इसलिए नहीं होगा, क्योंकि बमुश्किल एक घंटे का कार्यक्रम रखा गया है। इस लिहाज से सातों जिले के जिलाध्यक्ष, महामंत्री और विधायकगण ही मुख्यमंत्री और प्रमुख नेताओं का स्वागत अभिनंदन कर सकेंगे।

- दंतेवाड़ा में देवी दर्शन के बाद आएंगे जगदलपुर
- एयरपोर्ट से धरमपुरा तक कई जगह होगा स्वागत




## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124


# बकायादार 6970 उपभोक्ताओं से 77.38 लाख वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभागीय मुख्यालय के 12872 उपभोक्ताओं पर दो करोड़ 01 लाख 48 हजार 908 रुपए का बिजली बिल बकाया है। विद्युत कंपनी की ओर से कंपनी के जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में बकाया की वसूली के लिए डिस्कनेक्शन अभियान को तेज किया गया। इसमें कार्यपालन अभियंता के नेतृत्व में सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, दीपिका पटेल, बीएस उरांव, रश्मि ध्रुव अपने कर्मचारियों के साथ सुबह से शाम तक बकायादारों के घरों और प्रतिष्ठानों में पहुंच कर दरवाजे में दस्तक दे रहे हैं। डिस्कनेक्शन अभियान की टीम ने 16 लाख 33 हजार 515 रुपए बकाया के लिए 252 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटा गया और बकायादार 6970 ⏭ शेष पेज 8 पर

- 16 .33 लाख रूपए बिल के लिए 252 लोगों की कटी लाइन



## खबर संक्षेप

### मड़ेली में 6 से जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता

**जीजामगांव।** संत कर्मा माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 जनवरी तक किया गया है। आयोजन की तैयारी में संत कर्मा माता सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### बोरिदकला में मानसगान सम्मेलन 6 से

**पुरूर धमतरी।** ग्राम बोरिदकला में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 जनवरी तक किया है। ग्रामीण नीलाम्बर सिन्हा ने बताया कि 9 जनवरी को मड़ई होगी। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए चारामा साल्हेटोला का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

### भैंसबोड़ में गायत्री महायज्ञ 7 जनवरी से

**अंवरी।** ग्रामवासियों एवं गायत्री परिवार के सहयोग से ग्राम भैंसबोड़ में 7 से 10 जनवरी तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन शांतिकुंज के ऋषि पुत्रों द्वारा किया जायेगा।

### जीजामगांव में 16 से संगीतमय शिव महापुराण कथा

**जीजामगांव।** शिव शक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव के रावणभाठा बाजार चौक में सात दिवसीय भव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 23 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधर नाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस देव स्थापना, द्वितीय दिवस शिव कथा प्रारंभ, तृतीय दिवस शिव तत्व महात्म्य, चतुर्थ दिवस नंदी जन्म कथा, पंचम दिवस शिव पार्वती विवाह, षष्टम दिवस कार्तिक जन्म, सप्तम दिवस गणेश जन्म, अष्टम दिवस शिव गीता, हवन होगा। आयोजन की तैयारी में शिव शक्ति सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### डांडेसरा में रामायण 19 से, मड़ई 22 को

**डांडेसरा धमतरी।** नव युवा संगठन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से खेल मैदान डांडेसरा में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 जनवरी तक किया गया है। प्रतियोगिता में ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां भाग लेंगी। 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए ग्राम दुर्रे बंजारी तहसील दुरिया जिला महाराष्ट्र सीमा छत्तीसगढ़ का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक समिति के श्रवण नागे, हरिशंकर साहू, शेषनारायण साहू, प्रभुराम साहू, छेदन नागे, कैलाश साहू, महेश साहू, किरण साहू, बंशीलाल नागे, सियाराम रात्रे जुटे हुए हैं।

### सलोनी के छात्रों ने जाना बैंक में कैसे होता है काम

**धमतरी।** छात्रों ने बैंक में खाता-बही मेंटेन करने का तरीका सीखा। उन्होंने जाना किडेबिट-क्रेडिट कैसे होता है। ब्याज, सर्विस चार्ज की गणना करने की विधि भी सीखी। हायर सेकेंडरी स्कूल सलोनी में संचालित व्यवसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत ट्रेड बैंकिंग विषय के कक्षा 11वी और 12 वी के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया। कक्षा 11वीं को ओम चॉइस सेंटर और 12 वीं के छात्रों को एचडीएफसी बैंक में इंटर्नशिप कराया गया। यह प्रोग्राम प्राचार्य आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी पालकों की सहमति से व्यावसायिक प्रशिक्षक करनजीत सिंग रैनो के देखरेख में हुआ। इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग से संबंधित कार्यों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इंटर्नशिप में विद्यार्थियों ने वास्तविक कार्य स्थल का अनुभव प्राप्त किया।

### मड़ई मेला परंपरा और संस्कृति का परिचायक : रंजना साहू

**धमतरी।** मड़ई मेला का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में निरंतर हो रहा है। ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मुड़पार में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि मड़ई मेला का त्योहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है। मड़ई मेला महोत्सव न सिर्फ मनमोहक होता है बल्कि यह समृद्ध परंपरा और संस्कृति को भी दर्शाता है।

# डीएपी खाद के नाम पर संदिग्ध खाद से लदी दो ट्रक को पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

केशकाल ब्लाक के ग्राम सिलाटी में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं केशकाल एसडीएम के द्वारा डीएपी खाद के नाम पर संदिग्ध खाद से लदी दो ट्रक को पकड़ा गया। खाद लेकर पहुंचे दोनों ट्रक ड्राइवर द्वारा खाद से संबंधित कागजात न दिखा पाने तथा खाद के नकली होने की आशंका पर पंचनामा बनाकर खाद जप्त करते दोनों ट्रक को पुलिस थाना धनौरा में खड़ा करवा दिया गया। जानकार बताते हैं कि दोनों ट्रक में लाये गए खाद को पकडने जब तक राजस्व अधिकारी तथा कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे तब मौके पर मात्र 482 बोरी खाद बरामद हो पाया। पकड़े गए खाद के बोरे पर





निर्माता के तौर पर बम शा एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड 32/42, उत्तम नगर साउथ वेस्ट दिल्ली110059 प्रिंट हुआ है। अब जांच से यह साफ होगा की खाद डीएपी खाद के मापदंड एवं गुणवत्ता का है की नहीं और पकड़े गए खाद को फसल पर डालने से डीएपी खाद का लाभ कृषकों को मिल पायेगा की नहीं तथा खाद का कृषि भूमि पर कोई दूरगामी दुष्प्रभाव तो नहीं पड़ेगा। खाद का वास्तविक मूल्य क्या है और कृषकों को कितना लाभ लेकर विक्रय किया जा रहा था। खाद किस व्यवसायी ने कहां से किस व्यवसायी के माध्यम से भेजकर कृषकों को विक्रय किया जा रहा था । उल्लेखनीय है कि डीएपी खाद का मांग के अनुरूप आपूर्ति न हो पाने का लाभ उठाते खाद की कालाबाजारी किया ही जा रहा है। वहीं नकली गुणवत्ताहीन नकली खाद कम रेट में लाकर बहुत अधिक मूल्य में बेचकर किसानों के मजबूरी का भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

## पिकनिक के दौरान हुआ हादसा, बीजापुर जिले के मट्टीमारका की घटना

# बीएससी का छात्र इन्द्रावती में बहा, 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**पुलिस व एसडीआरएफ की टीम कर रही खोजबीन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला मुख्यालय बीजापुर से लगभग 70 किमी दूर मट्टीमारका में पिकनिक मनाने गए महाविद्यालयीन छात्रों की टीम का एक छात्र इंद्रावती नदी के तेज बहाव में बह गया। घटना के 24 घंटे बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिला है, यह मामला भोपालपटनम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक कॉलेज के 15 छात्रों की टीम पिकनिक मनाने मट्टीमारका गए हुए थे, इसी दौरान एक छात्र नदी के तेज बहाव में बह गया। इसकी खबर लगते ही लापता छात्र की तलाश में गोताखोरों, नगर सेना और एसडीआरएफ की टीम प्रयास कर रही है। 22 वर्षीय छात्र मुकेश कविराज नदी में उतरा और पानी के तेज बहाव के साथ बह गया जो ग्राम चेरपल्ली भोपालपटनम का निवासी है। मुकेश को बहते देख साथी छात्रों ने चीख पुकार मचाना शुरू कर दिया। बावजूद तत्काल मदद नहीं मिल पाई तब तक बहते हुए काफी दूर निकल गया था। साथी छात्रों ने भोपालपटनम लौटकर घटना की सूचना थाने में दी। पुलिस द्वारा पिकनिक से वापस लौटे छात्र छात्राओं से पूछताछ कर बयान लिया जा रहा हैं। मट्टीमरका गांव से लगी इंद्रावती नदी की दूरी भोपालपटनम से लगभग 18 किमी है, पुलिस को जब सूचना मिली तब तक रात हो चुकी थी। शुक्रवार सुबह गोताखोरों ने लापता छात्र मुकेश की खोजबीन शुरू कर दी। वहीं लापता छात्र के परिजन भी मौके पर मौजूद है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। भोपालपटनम प्रभारी जांगड़े ने बताया कि सुबह बीजापुर से नगर सैनिक व एसडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है जो लापता छात्र की लगातार तलाश कर रहे है। वहीं शाम तक छात्र का पता नहीं लग सका था रेस्क्यू टीम लगातार प्रयासरत है।







# विकसित भारत संकल्प यात्रा में 755 लोगों को मिला स्वास्थ लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बड़े कनेरा में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें कुल 755 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। 480 लोगों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर का स्क्रीनिंग किया। 130 लोगों का सिकलिंग जांच एवं 175 लोगों का एनीमिया का जांच किया। इसके अलावा 46 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर उपस्थित लोगों में कृष्ण कुमार पटेल, अनिल कुमार मरकाम, हेम सिंग सोडी, विजय कुमार नेटी, लखन लाल कश्यप रीता पटेल, कामिनी ठाकुर, शिवानी श्रीवास्तव, शशिकला माहला, सुनीता दुग्गे, लकिता देवांगन, दीप्ति मरकाम, लिटेश्वरी नेताम एवं सरस्वती पोयाम उपस्थित रहीं।



# कुम्हारबड़गांव में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद व अन्य गतिविधि का आयोजन समय-समय पर किया जाना है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, इस उद्देश्य के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारी फरसगांव टीडी नेताम के मार्गदर्शन में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन फरसगांव ब्लॉक के ग्राम कुम्हारबडगांव में सरपंच सुकलू राम नेताम की अध्यक्षता में 03 जनवरी को विधिवत शुभारंभ किया गया। इस आयोजन में 4 संकुल अंतर्गत 24 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के 203 छात्र छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख खेल गतिविधि में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, दौड़, लम्बी कूद, ऊची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रम किया गया। इन गतिविधियों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर बच्चे बहुत उत्साहित महसूस कर रहे है। इस प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी की उपस्थित में किया गया। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में माध्यमिक वर्ग में माशा कुम्हारबड़गांव चैंपियन एवं माशा हाथीपखना उप चैंपियन बनी, वहीं प्राथमिक वर्ग खेलों में प्राथमिक शाला सोडापारा चैंपियन एवं प्राथमिक शाला सल्फीपदर उपचैंपियन बनी। इनके साथ सभी खेलों में प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया । इस आयोजन को सफल बनाने में ज़ोन प्रभारी सोहन सिंह पोयाम, सीएससी सुनहेर नेताम, माधव कुमार, अटलखाम साहू, सपन बोस, सनत मरकाम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित ग्रामीणों का योगदान रहा।

फरसगांव ब्लॉक के सहायक खंड शिक्षा अधिकारी हंस राज सिन्हा से मिली जानकारी अनुसार इस वर्ष ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी को फरसगांव क्षेत्र के अंदरूनी क्षेत्र ग्राम पलना में रखा गया है। आयोजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक कर विस्तावपूर्वक चर्चा की जा चुकी है और खेल स्थान का चयन कर व्यवस्थाओं की चर्चा कर आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस आयोजन में ब्लॉक के 50 संकुलों के 16 जोन के प्राथमिक और माध्यमिक वर्ग के एक हजार से अधिक खिलाड़ी बच्चों के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल होंगे।



# स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल केशकाल बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ- साथ अन्य साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेलकूद जैसी गतिविधियों को भी प्रोत्साहन देता रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रथम वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी और आनंद मेला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। जहां सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ततपश्चात विद्यालय के चारों हाउस के विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया और सलामी दी गई। विद्यालयीन बच्चों के द्वारा अतिथियों के लिए स्वागत गीत और स्वागत नृत्य प्रस्तुत करने के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार डडसेना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सभी के सहयोग से विद्यालय को अपनी गरिमा के अनुकूल शिक्षा के स्तर को और आगेबढ़ाने की बात कही। साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आकाश मेहता एवं भूपेश चंद्राकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और विद्यालय के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा की।



### बच्चों का किया उत्साहवर्धन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए लगातार मेहनत करने और समाज तथा देश का नाम रोशन करने के लिए सभी का मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों , पालकों ने उनके संबोधन के दौरान अनेकों बार तालियों से उनका स्वागत किया। अंत में सभी अतिथियों के द्वारा गोला फेंक के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

### यह रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनराज मालू, प्रदीप सिन्हा, अजय मिश्रा, नवदीप सोनी, राजकिशोर राठी, चौधरी जायसवाल, मनीष राठी, भूपेश सिन्हा, अशफाक कुरैशी, रफीक खत्री, एसडीएम शंकर लाल सिन्हा एवं समस्त पालकगण मौजूद रहे।

# सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन









हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत सरकार, गृहमंत्रलय के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिविक एक्शन कार्यक्रम करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके तहत भवेश चौधरी, कमाण्डेंट 188 बटा0 केरिपु बल के नेतृत्व में कोण्डागांव में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत प्रीमैट्रिक कन्या छात्रवास व शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के छात्र–छात्राएं को क्रिकेट किट, वॉलीबाल किट, फुटबाल, कैरमबोर्ड, चेसबोर्ड, बेडमिंटन किट आदि खेल सामग्रियों तथा प्रीमैट्रिक कन्या छात्रवास के छात्रों को स्कूली बैग्स आदि सामग्रियों का वितरण किया गया।

### दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

इस अवसर पर भवेशचौधरी, कमाण्डेंट 188 बटा द्वारा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा संबोधन में सिविक एक्सन प्रोग्राम का उद्देश्य बताया की सीआरपीएफ देश के नागरिकों की रक्षा के साथ–साथ ग्रामीणों एवं छात्र–छात्राओं व सुरक्षाबलों के बीच मधुर संबंध बनाने के लिए जानकारी दी गई तथा देश में आंतकवाद, उग्रवाद एवं नक्सल वाद को सीआरपीएफ द्वारा नियंत्रित किये जाने के बारे मे जानकारी प्रदान की गई तथा सभी छात्र–छात्राएं को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया कि शिक्षा का होना जीवन मे बहुत ही अनिवार्य है। अच्छे शिक्षा से व्यक्तिगत उन्नति को, सामाजिक स्तर पर बढ़ावा, सामाजिक स्वास्थय में सुधार, आर्थिक प्रगति एवं राष्ट्र निमार्ण में बहुत ही महत्व है। सिविक एक्शनकार्यक्रम के आयोजन के उपलक्ष्य पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार व प्रीमैट्रिक कन्या छात्रवास के प्रभारी जानकी मंडावी व सभी शिक्षकगणों व छात्र–छात्राओं के द्वारा केरिपु बल को सादर धन्यवाद तथा भूरी–भूरी प्रशंसा की गई।

### मौजूद रहे ये

इस मौके पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार व प्रीमेट्रिक कन्या छात्रावास के प्रभारी जानकी मंडावी वस्कुल के शिक्षक–गणों के साथ–साथ छात्र–छात्राएं एवं कमल सिह मीना उप कमाण्डेंट व अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवान उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष

### उठाव नहीं करेंगे ...

में चले जायेंगे। संघ ने प्रशासन को इस बात से लिखित में अवगत करा दिया है। समिति के सम्भाग अध्यक्ष के मुताबिक जिले के अधिकांश उपार्जन केंद्रों में खरीदी जारी है। केंद्रों से उठाव नही होने से धान मवेशी, चूहों से नुकसान की आशंका है, वही गर्मी के चलते ज्यादा समय तक धान पड़े रहने से सुखत की समस्या बनी रहेगी। जिसकी भरपाई लेम्पस प्रबंधक हर साल अपने जेब से करता है। कलेक्टर के समक्ष लिखित में मेमोरंडम दिया गया है। हड़ताल की स्थिति को लेकर एसएसपी,एसडीएम को भी मेमोरंडम की प्रति सौंपा गया है। गुरुवार को इस सबंध में आपात बैठक बुलाकर 8 जनवरी तक धान उठाव करने का अल्टीमेटम देकर 9 जनवरी से धान खरीदी बंद कर आंदोलन में जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस दौरान सुकमन यादव, सोनू राव, सदानंद सेठिया, सूदराम सेठिया, अरुण सेठिया, खेमराज सेठिया, मिलकुराम यादव, रुद्रनारायण पांडे, रुपनाथ पाणीग्राही व अन्य सदस्य सम्मलित थे।

संग्रहण केंद्रों में जिले के बाहर के लेम्पस के धान जमा हो रहा : जिला सहकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी के मुताबिक बस्तर जिले के 3 संग्रहण केंद्रों में धान संग्रहण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है, जबकि जिले के संग्रहण केंद्रों में अन्य जिलों के धान संग्रहण किया जा रहा है। तत्काल संग्रहण केंद्र प्रारम्भ किया जाए। साथ ही धान उपार्जन केंद्रों में उपार्जित धान का परिदान बस्तर जिले के अनुसार अनुबंधित मिलर्स एवं जिले के ही संग्रहण केंद्रों में किया जाए।

### सात जगहों पर ....

विक्रय करने की आशंका रहती है। अतः शासन के निर्देशानुसार जिले के सीमावर्ती जांच नाकों में अवैध धान के आवक पर विशेष निगरानी रखने हेतु जांच नाका धनपुंजी, भेजापदर, कोलावल, नलपावंड, तारापुर, बदलावंड और पोटियावण्ड में स्थापित किया गया है। सीमा जांच नाका में अधिकारियों को सीमावर्ती राज्य से अवैध रूप से बगैर दस्तावेज के धान के परिवहन होने पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में नवंबर 2023 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है।

### आयुक्त के खिलाफ....

से कई गरीब तबके के लोग भी हैं, जिनके सामने अब रोजी-रोटी की परेशानी आ गई है। उन्हें दूसरी जगह देने के लिए भी हमने कई दफा मांग की, फिर भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस पार्षदों ने निगम आयुक्त को हटाने की मांग की है।

### लिगेसी वेस्ट मैनेजमेंट ...

डंप किया जाता था। नए नियम और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के गाइड लाइन अनुसार इन कचरों को नष्ट किया जाना था। इसी कारण निगम ने टेंडर करके 2.15 लाख का कार्यादेश आदेश जारी कर संबंधित ठेकेदार को एकत्रित कचरे बायो डिग्रीडेबल और नानडिग्रीडेबल कचरे को अलग करके वहां से हटाना था और उस उक्त स्थल में मिट्टी फिलिंग करके वहां पर पार्क बनाकर कई कार्य किए जाने थे। परंतु मौके में पार्षद दल ने भारी अनियमितताएं पाई है। संजय पांडे ने कहा है कि शुरू से ही यह पूरी प्रक्रिया भ्रष्टाचार से लिप्त है। निगम ने दो वर्ष पूर्व इसका टेंडर किया था, भिलाई कि किसी संस्था ने इस टेंडर को तो लिया परंतु उसे कार्य नहीं करने दिया गया। बाद में इसका टेंडर पुनः निविदा करके कम दर वाले ट्रेडरों को निरस्त करते हुए अपने चहेते ठेकेदार को कार्य आदेश जारी किया गया और उससे मिलीभगत कर भारी अनियमितता की जा रही है। निविदाकार ने वहां पर केवल आधा काम ही किया है। मात्र दो इंच मिट्टी फिलिंग की गई है। प्लांटेशन या पार्क कहीं पर भी नहीं बनाया गया है और उसने अपना सारी मशीनरी वहां से हटा दी है। उन्होंने कहा कि महापौर सफीरा साहू, निगम आयुक्त और कलेक्टर से जांच की मांग करेंगे। सुरेश गुप्ता ने कहा कि पैसों की बंदरबांट की जा रही है। एनजीटी के नियमों की भी परवाह नहीं की गई है। निगम के नेता पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। 4 साल सिर्फ भ्रष्टाचार के अलावा जनता के हित में कोई भी कार्य इन्होंने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन से मांग करेंगे कि इसकी शीघ्र उच्च स्तरीय जांच करवायें अन्यथा भाजपा आंदोलन को मजबूर होगी। इस दौरान राजपाल कसेर, दयावती देवांगन, दिगंबर राव, निर्मल पानीगही, महेंद्र पटेल, शंभू नाग, रीना घोष, नीलम यादव, भारती श्रीवास्तव, त्रिवेणी रंधारी, धनसिंह नायक, ममता पोटाई, खेम देवांगन, विक्रम यादव, शशीनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, रोशन झा, योगेश मिश्रा, प्रेम यादव, प्रेम सेठिया, गजेंद्र पगारे, गीता नाग, अलका सेंगर, मीना विश्वकर्मा, संगीता तोमर समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बकायादार 6970 ...

उपभोक्ताओं से 77 लाख 38 हजार 166 रुपए वसूल किया।

**बकाया की बिल किश्त की मांग रहे उपभोक्ता:** धरमपुरा एवं जगदलपुर जोन में चलाए जा रहे विद्युत कंपनी के डिस्कनेक्शन अभियान से बकायादार उपभोक्ताओं हड़कंप मच गया है। इसके चलते बकायादार उपभोक्ता अपने बिजली बिल को किश्त से भुगतान करने के लिए जोन के कार्यालय में पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं बताया कि बकायादार बिल को किश्त में भुगतान करेंगे।

बकाया का भुगतान शीघ्र करें : विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने बताया कि बकाया की वसूली में अभियान चलाया गया है। इसलिए उपभोक्ताओं कहा गया कि बकायादार उपभोक्ता बकाया बिजली शीघ्र ही भुगतान करें और विद्युत कनेक्शन कटने से बचें।

# नव पदस्थ कलेक्टर मयंक ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय प्रशासनिक सेवा 2017 बैच के आईएएस मयंक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने यहां से स्थानांतरित कलेक्टर विनीत नंदनवार से कलेक्टर पद का प्रभार प्राप्त किया है। मयंक चतुर्वेदी इससे पहले गौरेला पेंड्रा मरवाही में सहायक कलेक्टर, एसडीएम और धमतरी जिले में सीईओ जिला पंचायत तथा आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एसडीएम जयंत नाहटा, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू सहित डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य विभागीय अधिकारी गण मौजूद थे।

# विधायक अटामी ने हाईस्कूल कासोली का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने अपने गृह ग्राम कासोली पहुंच स्कूल का निरीक्षण किया। हाईस्कूल कासोली में शिक्षक व छात्रों से विधायक अटामी रूबरू हुए और शाला प्रबंधन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली तथा समस्या का निराकरण करवाने हेतु आश्वस्त किया। भाजपा विधायक चैतराम अटामी का शिक्षकों व छात्रों ने भव्य स्वागत किया। अटामी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारना उनकी प्राथमिकता है। दंतेवाड़ा जिले के छात्रों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान हासिल कर दंतेवाड़ा का नाम देश और प्रदेश भर में रोशन कर गौरवांवित किया है। हमारी प्राथमिकता है कि हमारे जिले के होनहार छात्रों के उज्वल भविष्य के लिये जो भी यथासंभव प्रयास हो वो करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में दंतेवाड़ा का नाम और ऊंचाई तक जाये इसके लिये हमेशा प्रयासरत रहेंगे।

## बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा ने ली बैठक

# भाजपा का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह जगदलपुर में आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी बस्तर संभाग द्वारा भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को पीएमटी हॉस्टल ग्राउंड जगदलपुर में आयोजित किया गया है। इस सन्दर्भ में भाजपा बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा ने भाजपा दंतेवाड़ा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता सम्मिलित हो, इसको लेकर चर्चा कर रुपरेखा तैयार की।

विधायक चैतराम अटामी व पूर्व सांसद दिनेश कश्यप भी बैठक में उपस्थित हुए। बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा ने कहा कि बस्तर समेत प्रदेश की पूरी 11 सीटें जीतकर पुनः विश्व के लोकप्रिय व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। आप सभी ने जिस प्रकार मेहनत कर दंतेवाड़ा विधानसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल की। उसके लिये आप सभी दंतेवाड़ा विधानसभा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं को मैं पुनः बधाई देता हूं एवं हम सभी के लिए गौरव की बात है कि सर्वप्रथम बस्तर संभाग में कल कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेंगे। आप सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होवें। इस कार्यक्रम में ओजस्वी मंडावी, कमला विनय नाग, रामबाबू सिंह गौतम, धीरेन्द्र प्रताप, संतोष गुप्ता, मुकेश शर्मा, सत्यजीत सिंह, सुनीता भास्कर, सत्यनारायण महापात्र, दुर्गा सिंह चौहान, मुन्ना मरकाम, पायल गुप्ता, मनीष सुराना, कुलदीप ठाकुर, पूरन सोनी, बैसू मंडावी, राहुल असरानी, आशीष चौहान, महावीर महेश्वरी, कुणाल ठाकुर, उरदो ठाकुर, डीपी मिश्रा, सोमड़ु कोर्राम, कमला बैरागी, कामों कुंजाम, शैलेश अटामी, राघवेंद्र गौतम, कृष्णकांत शिवहरे, मोहन ठाकुर, नीलम ठाकुर, निखिल नाग, अमित भदौरिया, चंदन ध्रुव, बीरु गौतम, कमल ठाकुर, भूपेंद्र, शिव, झुम्मक लाल ठाकुर, हरीश मरकाम, राजेश नाग, शंभू वट्टी समेत समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# नगर में 17 को निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में गीदम नगर में 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से नगर के हनुमान मंदिर से श्रीरामलला की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान श्रीराम दरबार झांकी, पारम्परिक वाद्य यंत्रों, बस्तर संस्कृति की झलक, भजन कीर्तन, श्रीराम जय राम जय जय राम के मंत्रोंचारण के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। वहीं 22 जनवरी को नगर के प्रत्येक मंदिर में साज सज्जा की जाएगी व घरों में सुंदर काण्ड का पाठ किया जाएगा। नगर को दीपों से सजाया जायेगा। साथ ही दंतेवाड़ा जिले के सभी कार सेवकों का सम्मान किया जायेगा। गौरतलब है कि अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण 1 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। हिंदू संगठनों के स्वयं सेवकों के द्वारा अक्षत और भगवान राम की फोटो के साथ पत्रक घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पर रख कर राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने कहा जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद की ओर से आगामी 15 दिनों तक विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के लाखों हिंदू परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अभियान में विहिप, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन प्रत्येक ग्राम, बस्ती तक पहुंच कर, प्रत्येक हिंदू परिवार को पीले चावल दे कर अयोध्या में श्रीरामलला के नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण दे रहे है। इसके साथ ही विहिप व अन्य हिंदू संगठनों ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की नूतन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी, तब सभी यह कार्यक्रम समूह में देखे, सभी मंदिरों में भव्य आरती हो। उस दिन दीपावली जैसा वातावरण संपूर्ण नगर, ग्राम, बस्ती में तैयार हो, हर घर में भगवा पताका, रंगोली, लाइटिंग, आतिशबाजी, एवं दीप जला कर सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्सव मनाया जाए।

■ श्रीराम दरबार झांकी, भजन कीर्तन, श्रीराम जय राम जय जय राम के मंत्रोंचारण के साथ निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

# वर्ष 2023 नक्सलियों पर पुलिस के जवान रहे भारी

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

वर्ष 2023 जिला बीजापुर सुरक्षा बलों के लिये उपलब्धि पूर्ण रहा है। वर्ष 2023 में पुलिस के जवान नक्सलियों पर भारी पड़े। सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच हुए 22 मुठभेड़ में मद्देड़ एरिया कमेटी के सचिव नागेश पदम सहित 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली। वर्ष में 1 नग एके-47 सहित 5 हथियार, 74 कारतुस, 82 आईईडी, 58 डेटोनेटर एवं 400 मीटर इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया। मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नक्सलियों ने वर्ष में 12 आम नागरिकों की हत्या की, वर्ष 2022 में नक्सलियों से लोहा लेते हुये मुठभेड़ एवं आईईडी विस्फोट की घटना में 8 जवान शहीद हुए एवं 19 जवान घायल हुए। बीते एक साल में सुरक्षा बलों द्वारा 150 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर वर्ष भर में कुल 78 नक्सली पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर शासन की योजना का लाभ ले रहे है एवं खुशहाल परिवारिक जीवन जी रहे है। छग शासन की त्रिवेणी योजना के तहत क्षेत्र के समग्र विकास एवं नक्सल उन्मूलन अभियान हेतु वर्ष 2023 में 8 नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना की गई।

■ 22 मुठभेड़ में 4 हार्डकोर नक्सली ढेर, 150 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

# नवनियुक्त शिक्षकों के लंबित वेतन का शीघ्र हो भुगतान : शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गीदम के पदाधिकारी के द्वारा खंड शिक्षा कार्यालय में ज्ञापन देकर नव नियुक्त शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान के संबंध में चर्चा किया गया। गौरतलब है कि ब्लाक के कुछ नवनियुक्त शिक्षकों का वेतन लंबित है। जिससे सम्बंधित शिक्षकों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के द्वारा इन बिंदुओं को रखा गया व शिक्षकों को शीघ्र वेतन भुगतान के सम्बंध में कार्यवाही करने हेतु मांग रखा गया। जिसमें कार्यालय के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जनवरी माह के अंत तक सभी शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों में ब्लाक अध्यक्ष केसव स्वर्ण, संरक्षक धनेंद्र सोनी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग, कोषाध्यक्ष जितेंद्र चौहान, संरक्षक ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, ब्लाक उपाध्यक्ष द्वय बसंत यादव व ठाकुर राम सेठिया, सह सचिव राकेश नाग, जिला मीडिया प्रभारी योगेश सोनी, संरक्षक मैनु नेताम, संगठन मंत्री मनोज कुड़ियाम, सह कोषाध्यक्ष लव तारम मौजूद रहे।

# एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सतत निरीक्षण के दौरान सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी ने बस्तर अंचल स्थित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक व हाईस्कूलों का सघन निरीक्षण किया। अधिकारी द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान सभी शालाओं में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, अध्यापक दैनंदिनी का नियमित संधारण करना, बच्चों की छात्रवृत्ति योजना का शत-प्रतिशत पंजीयन करना, पात्र छात्रों के जाति प्रमाण पत्र की शाला स्तर पर की जाने वाली अग्रिम कार्यवाही की पूर्णता करना, छात्रों का स्काउट, गाइड हेतु पंजीयन करना जैसी गम्भीर विषयों के बारे में सतत कार्य करने सभी प्रभारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कई शालाओं में बच्चों द्वारा निर्मित वाटिका का भी अवलोकन किया गया जो सराहनीय था। अधिकारी द्वारा प्राथमिक शाला बोडन पाल में पदस्थ शिक्षक अश्वनी नेताम की ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत की जांच भी सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। अधिकारी के निरीक्षण के दौरान अधिकतर शालाएं विधिवत संचालित पाई गई। उन्होंने बताया कि उनका सतत निरीक्षण इसी प्रकार जारी रहेगा।

निरीक्षण के समय अधिकारी के साथ संकुल समन्वयक देवेंद्र ठाकुर भी उपस्थित थे। उन्होंने आगाह किया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी।

# अल्फा इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में मना 35वां वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के प्रथम अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय अल्फा इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में गत दिवस 35वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस समारोह में प्रातः काल आम सभा रखी गई थी। जिसमें जिले के नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सूर्यकुमार वाजपेयी, उपाध्यक्ष संजय लुंकड और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी ने भी अपनी भागीदारी दी। साथ ही अन्य अतिथियों में आत्मानंद हिन्दी मीडियम के प्राचार्य प्रभाकर शर्मा, विकास गवैल बीएमओ, रामबती मांझी पार्षद, नगर के वरिष्ठ व्यापारी शामिल रहे। साथ ही पालक गणों ने भी अपनी भागीदारी दी। संध्या काल में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विक्रम शाह मंडावी ने अपनी भागीदारी दी। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन शाला के संचालक केएसएस.नायर और रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

# घायल महिला का बना आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र गंगालूर के ग्राम मुदवेंडी की रहने वाली ग्रामीण महिला मासे सोड़ी सोमवार शाम पुलिस नक्सली मुठभेड़ में क्रॉस फायरिंग के दौरान घायल हुई थी। जिससे मासे सोड़ी की दांए हाथ की उंगली में गोली लगी थी। राज्य शासन द्वारा पीड़ित महिला को सात लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गयी, जिसके लिए पीड़ित महिला का आधार ऑपरेटर एवं सुपरवाइजर द्वारा बायोमेट्रिक एक्सेप्शन प्रोसेस से आधार कार्ड पंजीयन किया गया। जिसे यूआईडीएआई स्टेट टीम छत्तीसगढ़ की सहायता से तत्काल आधार कार्ड निर्माण कराया गया। आधार कार्ड त्वरित बनने से पीड़ित महिला को सहायता राशि प्राप्त करने में आसानी हुई।

## निधन



### हाजी उमर खान

**जगदलपुर।** नगर के कुम्हारपारा निवासी राज्य परिवहन निगम के रिटायर्ड ट्रैफिक सुपरवाइजर हाजी मोहम्मद उमर खान का गुरुवार की सुबह पौने पांच बजे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान देहांत हो गया। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे फहीम खान,कमर खान,समीर खान, पत्रकार इमरान खान और इरफ़ान खान के पिता थे। जिन्हें बाद नमाज़े मगरिब जगदलपुर के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनपद कार्यालय भोपालपटनम में भोपालपटनम परियोजना के आंगनबाड़ी का एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों को अनैतिक मानव व्यापार, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, सखी वन स्टाप सेंटर और बाल अधिकार और संरक्षण तंत्र की जानकारी जिसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय बोर्ड व बालक कल्याण समिति की भूमिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का उद्देश्य, किशोर-किशोरी सशक्तिकरण अंतर्गत बाल विवाह की हानियां, बाल विवाह के रोकथाम के उपाय, किशोरियों के पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित मुद्दे एवं समाधान, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक-बालिकाओं को स्कूल से जोड़े जाने पर एवं बच्चा गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम 2017, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं से अनुरोध किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित होवे और इन सभी मुद्दों पर चर्चा करें। तभी हम ग्राम पंचायत को बाल सुलभ पंचायत बना सकते हैं, और ग्राम पंचायत का वातावरण ऐसा हो जो कि हिंसामुक्त वातावरण हो। आप सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे आस-पास में ऐसे कोई भी बालिका न हो जो स्कूल से वंचित हो, बालिका शिक्षा से वंचित होने की दशा में अपने अधिकारों से भी वंचित हो जायेंगे। इस कारण से शोषण का स्तर बढ़ जायेगा। अज्ञानता के कारण किशोरियों के द्वारा अपनी बात भी नहीं रख पायेंगे, कि महिलाओं, किशोरियों के साथ होने वाले अत्याचार को कहां पर बताये और दर्ज कराये। इस कारण से महिला उत्पीड़न संबंधी समस्त अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। जिला बाल संरक्षण इकाई से नवीन मिश्रा संस्थागत अधिकारी एवं नवा विहान से शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी ने उक्त जानकारी दी।

# शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के बीआरसी बस्तर में 2 जनवरी से ब्लॉक के समस्त प्राथमिक व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हितधारकों (शिक्षक) बाल लैंगिक शोषण के मुद्दे को संबोधित करने के लिए प्रासंगिक ज्ञान और कौशल के साथ प्रशिक्षित करना है। इस प्रशिक्षण के साथ शिक्षक माता-पिता तथा वयस्क भागीदारों के लिए इस विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित करेंगे तथा बच्चों को उनकी आयु अनुसार जानकारी देने में सक्षम होंगे और असुरक्षित परिस्थितियों का सामना करने के लिए बच्चों को प्रभावी ढंग से तैयार करेंगे। अर्पण संस्था के प्रशिक्षक कुसुम नाईक, मिलिंद मुरूडकर द्वारा सभी शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

आज के प्रशिक्षण में अरूण देवांगन बीईओ बस्तर, राजेन्द्र ठाकुर बीआरसी बस्तर, शैलेंद्र तिवारी, लखेराम बिसाई, विष्णु यादव, धर्मेन्द्र अग्रवाणी, संतोष अग्रवाणी, कमल उइके, फगनू राम एवं समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 66/अ-6/2023-24

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक डा. ऋषभ साव पिता स्व. नंदलाल साव निवासी प्रतापगंजपारा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा मोहल्ला प्रतापगंजपारा स्थित भूमि शीट 78 प्लाट न. 237/4 क्षेत्रफल 990 वर्गफुट, भू-भाटक 4.61 रूपये की भूमि नजूल अभिलेख में खातेदार नंदलाल पिता हैय्याराम साव सा.देह. के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार नंदलाल पिता हैय्याराम साव, की मृत्यु दिनांक 24.09.2023 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा नजूल अभिलेख से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक उत्तराधिकारियों नाम दर्ज करने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/01/2024 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी, जगदलपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- 67/अ-6/2023-24

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक डा. ऋषभ साव पिता स्व. नंदलाल साव निवासी प्रतापगंजपारा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. द्वारा मोहल्ला प्रतापगंजपारा स्थित भूमि शीट 78 प्लाट न. 237/8 क्षेत्रफल 447.00 वर्गफुट, भू-भाटक 2.08 रूपये की भूमि नजूल अभिलेख में खातेदार छेदीलाल साव पिता हैय्याराम साव देवकिशन पिता हैय्याराम साव, नंदलाल पिता हैय्याराम साव सा.देह. के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार नंदलाल पिता हैय्याराम साव, की मृत्यु दिनांक 24.09.2023 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा नजूल अभिलेख से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक उत्तराधिकारियों नाम दर्ज करने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत रखने भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/01/2024 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर — नजूल अधिकारी, जगदलपुर

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202312152200009

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक त्रिलोचन देवांगन पिता भदर देवांगन जाति कोष्टा ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने दादा स्व. तुलसीराम s/o स्व. लच्छू निवासी ग्राम सांवरा तहसील बकावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के दादा स्व. तुलसीराम ग्राम सांवरा का दिनांक 12/07/2015 को मृत्यु हुई है। आवेदक त्रिलोचन देवांगन पिता भदर देवांगन जाति कोष्टा ग्राम सांवरा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के दादा स्व. तुलसीराम मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 25/01/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 14/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर

---

**नाम परिवर्तन**

मैं रविकांत सोनी पिता स्व. मंगलू राम सोनी निवासी कृषि उपज मंडी रोड महारानी वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर एतद् द्वारा यह घोषणा करता हूं कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम रविकांत सोनी दर्ज है एवं मेरे कार्यालीन शासकीय दस्तावेजों में त्रुटीवश मेरा नाम रविकांत सोना दर्ज हो गया है। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा स्वयं का ही नाम है तथा उक्त दोनों नाम का व्यक्ति मैं ही हूं। मैं अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के अनुसार अपने कार्यालीन शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम रविकांत सोना को सुधारकर रविकांत सोनी करना चाहता हूं, तथा आज दिनांक के पश्चात मुझे रविकांत सोनी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

घोषणाकर्ता
रविकांत सोनी
महारानी वार्ड जगदलपुर
जिला बस्तर छ.ग.

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## जिला शिक्षा अधिकारी ने आकांक्षी ब्लॉक का किया दौरा

# कमजोर बच्चों को पढ़ाने अतिरिक्त समय दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नीति आयोग के इंडिकेटर के अनुसार विकासखंड तोकापाल को आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक की शैक्षणिक गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान तोकापाल विकासखंड पहुंची। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम, खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा एवं शिक्षकों की बैठक लेकर आकांक्षी ब्लॉक के अंतर्गत शिक्षा के जो इंडिकेटर दिए गए हैं उस पर सुधार के लिए क्या-क्या प्रयास किया जा रहे हैं इसकी जानकारी ली तथा इसे इसमें सुधार के आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किया है। उन्होंने विकासखंड तोकापाल के हायर सेकेंडरी स्कूल मावली भाटा एवं घाट धनोरा स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की। बच्चों से अध्ययन, अध्यापन के लिए बात की तथा बच्चों को समझाईश दी परीक्षा का समय है अध्ययन करें विषय में किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो अपने विषय शिक्षक से आवश्यक मार्गदर्शन ले तथा शिक्षकों को भी निर्देशित किया है कि स्लो लर्नर बालक-बालिकाओं की पहचान कर उन्हें उपचारात्मक शिक्षा अतिरिक्त कालखंड पर दे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग की प्रमुख जो योजनाएं हैं उसे पर क्या-क्या कार्य शिक्षकों के द्वारा किया जा रहा है इसकी भी चर्चा की गई। स्कूलों में प्रयोगशाला कक्षा लाइब्रेरी आदि का भी निरीक्षण कर इसकी उपयोगिता से बच्चों को अवगत कराया। शिक्षकों को अध्यापन के दौरान ही प्रयोगशाला में बच्चों को ले जाया जाए जिस चैप्टर की पढ़ाई हो रही हो उससे संबंधित प्रैक्टिकल उसी दिन करवाने के निर्देश दिए।

# शत-प्रतिशत हुई सिकल सेल जांच व आयुष्मान कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ सीएमएचओ ने जिले के बीएमओ की ली समीक्षा बैठक

बस्तर जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाना, नवाचार एवं सिकल सेल की जांच शत-प्रतिशत किया गया है। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक की उपस्थिति में समस्त विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकार, सेक्टर प्रभारी, बीएमओ, खंड कार्यक्रम प्रबंधक, खंड डाटा प्रबंधक की एक दिवसीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की बिन्दुवार समीक्षा ली गई, जिन विकासखंडों की लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्ध कम पाई गई है, उन्हें सुधारने एवं लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान 100 फीसदी आयुष्मान कार्ड बनाना, मोतियाबिंद मुक्त बस्तर, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, लेप्रोसी मरीज के डिफार्मिटी शून्य करना, टीबी मरीजों को अमचो टीबी मितान के माध्यम से गोद लेकर देखभाल और उनका उपचार पूर्ण करने जैसे नवाचार एवं सिकल सेल की जांच 100 फीसदी करने संबंधी अन्य राष्ट्रीय प्रोग्राम की समीक्षा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत मरीजों को लाभान्वित किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली गयी। मरीजों को रेफरल करने और एंबुलेंस की व्यवस्था, एएनसी देखभाल जांच, संस्थागत प्रसव-मृत्यु ऑडिट किया गया।

### अधिकारियों को हिदायत

सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य सेवाओं में कमी को भी ध्यान में रखकर प्रत्येक विकासखंडों के अधिकारियों को पूर्ण करने हिदायत दी है, प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारियों को मुख्यालय में रहकर कार्य करने के लिए आदेशित किया। प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यकतानुसार औषधियों का भंडारण के साथ-साथ संस्थागत प्रसव पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए निर्देशित किया। जिस सेक्टर की उपलब्धि कम पाई गई, उसे विशेष रूप से निगरानी कर उपलब्धि बढ़ाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी को कहा गया। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित भ्रमण कर पाई गई कमियों को दूर करने के लिए निर्देशित किया गया।

# सुशासन का सूर्योदय लाने की भावना से करें कार्य : अनुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नवपदस्थ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात जिले के सभागार में अधिकारियों की पहली बैठक लेकर प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता और सुशासन लाने के निर्देश दिए।

■ प्राथमिकताएं शासन तय करती है उसका बेहतर क्रियान्वयन मिलकर करें

कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशा अनुरूप सुशासन का सूर्योदय लाने में प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस भूमिका का निर्वहन हमें जिम्मेदारी से पूरा करना है। शासन प्राथमिकताएं तय करती है और उसका बेहतर क्रियान्वयन जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों को करना होता है, इसके लिए हमें गंभीरतापूर्वक कार्य करना है।

जिला सभागार में आयोजित बैठक में स्वागत और परिचय के पश्चात नवपदस्थ कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने धान खरीदी की समीक्षा की जिसमें जानकारी दी गई कि अब तक 12 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। 11 लाख 38 हजार मीट्रिक टन लक्ष्य जिले में है जिसे किसानों को टोकन देकर प्रगति में लाया जा रहा है।

धान बोनस का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से लाभार्थियों को किया जा चुका है, कुछ किसानों के बैंक खाते त्रुटिपूर्ण होने से सुधार की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा में शासन के निर्देशों के अनुरूप धान उठाव की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये तथा किसानों के त्रुटिपूर्ण खाते सुधार कर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण की जाये। कोरोना महामारी को लेकर सीएमएचओ अजय रामटेके ने जानकारी दी कि जिले में कोरोना की स्थिति नियंत्रण में है। प्रतिदिन आरटीपीसीआर के सैम्पल जांच के लिए भेजे जा रहे है। पॉजिटीव्ह मरीजों के लिए गाईडलाईन अनुरूप कार्यवाही की जा रही है। लीड बैंक मैनेजर ने जिले में बैंकों के संचालन की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 39 बैंक संचालित हैं, जिनके माध्यम से लाभार्थियों के भुगतान की कार्यवाही की जाती है। कलेक्टर ने कहा कि बैंक नागरिक सुविधाओं के लिए होती है अतः बैंकिंग सेवाओं का विस्तार अंतिम व्यक्ति तक हो यह सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि समस्त निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में नागरिक सूचना पटल होना अनिवार्य है, ताकि जनता और विभाग के बीच पारदर्शिता में स्पष्टता रहे।

# 7 से 14 तक होगा समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय जगदलपुर द्वारा 7 से 14 जनवरी तक समस्त टैक्सी-मैक्सी एवं आटो वाहन चालकों के लिये बीमा, फिटनेश एवं परमिट सम्बन्धी समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जगदलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त समाधान शिविर में उपस्थित होकर टैक्सी-मैक्सी एवं आटो वाहन स्वामी अपनी टैक्सी या ऑटो वाहनों से संबंधित समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं।

# पिकअप सहित 24 क्विंटल अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला प्रशासन की गठित टीम अवैध धान की निगरानी की जा रही है, जिसमें मंडी की ओर से ग्राम कै कागढ़ के पास से पिकअप से 24 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते पकड़ा। टीम ने वाहन एवं अवैध धान को पुलिस को सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध धान परिवहन पर प्रतिबंध लगाने हेतु दल के नायब तहसीलदार अंकित रात्रे नानगुर द्वारा गुरूवार की शाम ग्राम कै कागढ़ के पास आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिना कागजात के धान का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर जिला प्रशासन की ओर से गठित संयुक्त जांच दल के अधिकारी तहसीलदार के नेतृत्व में वाहन रोक कर जांच किया गया। अवैध परिवहन करते पाए जाने पर उसे नानगुर पुलिस में जब्त कर सौंपा गया। उसके बाद मंडी के निरीक्षक उप्पल रमेश कुमार द्वारा मंडी अधिनियम के निहित प्रावधानों के तहत जब्ती प्रकरण की कार्रवाई की गई। पिकअप क्रमांक सीजी 05 एसी 4901 में 60 बोरा 24 क्विंटल, जिसकी कीमत 52 हजार 800 रूपए बताई जा रही है।

### लालचर्च में गरीबों को मिला क्रिसमस गिफ्ट



जगदलपुर। क्रिसमस के बाद लालचर्च में समाज के गरीब, अनाथ, निशक्तजन , विधवाओं, बुजुर्गों को क्रिसमस का गिफ्ट और उनके साथ भोजन की व्यवस्था रखी गई। चन्दैया मेमोरियल मेथाडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च के प्रांगण में मसीह समाज के सभी गरीब, विधवा, अनाथ, निशक्तजनों को महिला समिति की ओर से क्रिसमस का गिफ्ट बांटा गया। इस अवसर पर बिशप डा.एस.सुना, पास्टर लारेंस दास, प्रापर्टी कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित थे। महिला समिति की अध्यक्षा प्रवीणा पौलुस, शिखा नादन, सुलभा चौधरी, सुषमा बाघ, नैरिस विवेकानंद, वेरोनिका दानी, शीला राव मौजूद थे।





